अग्रिम सुनवाई दिनांक 18.01.2027

सेवा में,

मा0 राज्य सूचना आयुक्त,
उ0प्र0 सूचना आयोग, लखनऊ।

विषयः शिकायत संख्याः एस07/सी/0525/226 में निकट सुनवाई तिथि नियत करने के सम्बन्ध में।

महोदय,

कृपया अवगत कराना है कि प्रार्थी ने सूचना आवेदन दिनांक 23.12.2025 के माध्यम से जनसूचनाधिकारी कार्यालय पुलिस अधीक्षक, बाराबंकी से कतिपय बिन्दुओं पर सूचनायें चाही थी, जिसपर सम्यक् सूचना प्राप्त न होने पर प्रार्थी द्वारा मा0 आयोग के समक्ष दिनांक 17.07.2026 को अधिनियम की धारा–18 के अन्तर्गत शिकायत योजित की, जिसपर मा0 आयोग द्वारा दिनांक 06.10.2026 के सुनवाई किये जाने के उपरान्त प्रकरण में दिनांक 18.01.2027 की अभीष्ट लम्बी तिथि निर्धारित कर दी गयी है।

महोदय को सादर सूचित करना है कि प्रकरणत संदर्भ प्रार्थी की क्रय की गयी भूमि पर की गयी धोखाधड़ी पर समुचित कार्यवाही कार्यवाही किये जाने से सम्बन्धित है एवं प्रकरण में इतनी वृहद तिथि नियत किये जाने से अभियुक्तगण द्वारा भाग जाने एवं प्रकरण से सम्बन्धित साक्ष्यों आदि को प्रभावित किये जाने की सम्भावना से इन्कार नहीं किया जा सकता है, जिससे अधिनियम की मूल भावना एवं उद्देश्य प्रभावित हो जाएगा।

इसलिए महोदय से निवेदन है कि कृपया प्रकरण की संवेदनशीलता के दृष्टिगत प्रकरण की सुनवाई माह नवम्बर, 2026 के प्रथम सप्ताह में नियत किये जाने हेतु उचित आदेश पारित करने की कृपा करें।

आशा ही नहीं पूर्ण विश्वास है कि मा0 महोदय प्रकरणगत संदर्भ में गम्भीरता को समझेंगे एवं उचित आदेश पारित करेंगे।

प्रार्थी

दिनांकः 13/10/26

आदित्य सिंह

(आदित्य कुमार सिंह)
शिकायतकर्ता
मो0नं0: 8787042713

14/10/26

Date fix for hearing is 2/11/26

Reader
S7
14/10/26